# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(भाग-1—कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

सोमवार, तिथि 12 दिसम्बर, 1983 ।

## विषय-सूची


| विषय | पृष्ठ |
| --- | --- |
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर— | |
| अल्पसूचित प्रश्नोत्तर संख्या—5 | 1—8 |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या—112, 113, 114, 115, 116, 117, 118, 119, 120, 121, 127, 135, 139, 153, 154, 170, 175, 185, 189, 190, 213, 255 एवं 249 । | 9—36 |
| परिशिष्ट-1(प्रश्नों के लिखित उत्तर)—7, 8, 10, 11, 15, 18, 20, 122, 123, 124, 125, 126, 128, 129, 130, 141, 142, 151, 160, 176, 181, 182, 194, 198, 209 एवं 222 । | 37—63 |
| परिशिष्ट-2... ... | 64—434 |
| दैनिक निबंध : | 435—436 |


टिप्पणी—मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधित नहीं किया है ।

राशि का आवंटन।

क-98. श्रीमती ब्यूला दोजा—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बारसोई प्रखंडान्तर्गत नारायणपुर सन्कोला, अनूपपुर, हरिजन बस्ती के विद्यालय भवन निर्माण हेतु राशि आवंटित करने के लिए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बारसोई दक्षिण ने कटिहार जिला शिक्षा पदाधिकारी को एक वर्ष पूर्व प्रस्ताव भेजा था, किन्तु अभी तक राशि आवंटित नहीं की है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त ग्रामों के विद्यालय भवनों के निर्माण हेतु राशि कबतक आवंटित करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग—(1) वस्तुस्थिति यह है कि बारसोई प्रखंड अन्तर्गत नारायणपुर प्राथमिक विद्यालय, सन्कोला प्राथमिक विद्यालय तथा अनूपपुर प्राथमिक विद्यालय के लिए नवम्बर, 1980 में ही एक-एक कमरे के निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है तथा अग्रिम भी दिया जा चुका है। कार्य लिंटर स्तर तक हो चुका है।

(2) प्रश्न खंड (1) के उत्तर के आलोक में प्रश्न नहीं उठता है।

---

विद्यालय भवन का निर्माण।

क-99. श्रीमती ब्यूला दोजा—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई प्रखंड में छागरा पंचायत के सोहार ग्राम के प्राथमिक विद्यालय का भवन फूस का है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय भवन को पक्का करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग—उत्तर स्वीकारात्मक है।

राशि की उपलब्धता के आधार पर जिला भवन निर्माण समिति द्वारा इस विद्यालय के लिए भवन निर्माण की स्वीकृति दिये जाने पर ही पक्का भवन का निर्माण सम्भव होगा।